# आदर्श प्रश्न पत्र
## हायर सेकेन्डरी परीक्षा
## अर्थशास्त्र
## Economics
(Hindi and English Version)

Time – 3 Hours M. M. - 100

निर्देश :–

1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2) प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
3) प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके अन्तर्गत सही विकल्प का चयन करना, रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य असत्य, सही जोड़ी बनाना तथा एक वाक्य में उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं।
4) प्रश्न क्र. 6 से 21 तक सभी प्रश्नों में आरंभिक विकल्प दिये गये हैं।
5) प्रश्न क्र. 6से 13 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।
6) प्रश्न क्र. 14 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।
7) प्रश्न क्र. 19 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

**Instructions –**

i) All questions

ii) Read the instructions given in the question paper carefully

iii) Q. Nos. 1 to 5 are objective types which contain choose the correct answers, fill in the blanks, True / False, match the coloumn and answer in one sentence each question carries 5 marks.

iv) Internal options are given in Q. No. 6 to 21.

v) Q. Nos. 6 to 13 carry 4 marks each.

vi) Q. Nos. 14 to 18 carry 5 marks each.

vii) Q. Nos. 19 to 21 carry 6 marks each.

# वस्तुनिष्ठ प्रश्न

## (Objective Type questions)

1. सही विकल्प चुनिए – 5

1) एक फर्म, एक उद्योग, एक वस्तु के मूल्य का अध्ययन क्षेत्र है –

| | |
|---|---|
| अ) समष्टि अर्थशास्त्र | ब) ब्यष्टि अर्थशास्त्र |
| स) राष्ट्रीय आय | द) राष्ट्रीय उत्पाद |

2) लागत वक्र के U आकार के होने का कारण है –

| | |
|---|---|
| अ) तकनीकी बचत | ब) प्रबंधकीय बचत |
| स) काम संबंधी बचत | द) उपर्युक्त सभी |

3) दूध का बाजार है –

| | |
|---|---|
| अ) राष्ट्रीय | ब) प्रादेशिक |
| स) स्थानीय | द) अन्तर्राष्ट्रीय |

4) प्राथमिक क्षेत्र के बाहर है –

| | |
|---|---|
| अ) कृषि | ब) मछली पालन |
| स) होटल | द) खनन |

5) सूचकांक को प्रदर्शित करते हैं –

| | |
|---|---|
| अ) $Bo_1$ | ब) $Co_1$ |
| स) $Po_1$ | द) $P_1o$ |

**Select the correct answer –**

i) The study of a firm, an industry, price of a commodity, is the subject of -

| | |
|---|---|
| a) Macro Economics | b) Micro Economics |
| c) National Income | d) National Product |

ii) The cost curves are U shapped because of -

| | |
|---|---|
| a) Technical saving | b) Managerial saving |
| c) Saving related to labours | d) All of above |

iii) Excluded from primary sector is -

a) Agriculture    b) Fishries

c) Hotel    d) Mining

iv) An index number is indicated by-

a) $Bo_1$    b) $Co_1$

c) $Po_1$    d) $P_1o$

**2.** **निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **5**

1) प्रति व्यक्ति आय = राष्ट्रीय आय ।

.........................

2) जे.बी. के अनुसार पूर्ति अपनी मांग स्वयं....................कर लेती है।

3) करारोपण का एक प्रमुख उद्देश्य धन व आय की.....................को कम करनाहै।

4) .....................आर्थिक बैरोमीटर कहलाते हैं।

5) प्रमाप विचलन का विचार सर्वप्रथम....................ने दिया था।

**Fill in the blanks of the following –**

i) Per capital income = National income

............................

ii) According to J.B. say "Supply.................its own demand.

iii) One of the main objective of taxations is to reduce.................of wealth and income.

iv) .............................are called economic barometers.

v) The idea of standard deviations was given firstly by......................

**3.** **निम्नलिखित में सत्य/असत्य लिखिए –** **5**

1) स्टॉक में परिवर्तन एक प्रवाह है।

2) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से भौगोलिक श्रम विभाजन होता है।

3) निजी वित्त में घाटे के बजट को सर्वोत्तम माना जाता है।

4) भारत में रेल बजट सामान्य बजट में शामिल होता है।

5) प्रमाप विचलन एक निरपेक्ष माप हो।

**Write in True / False of the following –**

i) A change in stock is a flow.

ii) International trade creates geographical division of labour.

iii) Deficit budget is considered best in private budget.

iv) In India the railway budget is included in general budget.

v) Standard deviations is an absolute measure.

4. **खण्ड 'अ' के लिए खण्ड 'ब' से चुनकर सही जोडियां बनाइये –** **5**

| ''अ'' | | ''ब'' |
|---|---|---|
| 1) रिजर्व बैंक की स्थापना | – | क) 1982 |
| 2) रिजर्व बैंक का राष्ट्रीकरण | – | ख) 1955 |
| 3) नाबर्ड की स्थापना | – | ग) 1991 |
| 4) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया | – | घ) 1925 |
| 5) नई व्यापार नीति | – | ड.) 1949 |
| | – | च) 1935 |
| | – | छ) 1940 |

**Make correct pair for section 'A' choose from section 'B' –**

| "A" | | "B" |
|---|---|---|
| i) Establishment of the Reserve Bank of India | - | a) 1982 |
| ii) Nationalisation of the Reserve Bank of India | - | b) 1955 |
| iii) NABARD was established in | - | c) 1991 |
| iv) State Banks of India | - | d) 1925 |
| v) The new trade policy | - | e) 1949 |
| | - | f) 1935 |
| | - | g) 1940 |

5. **एक वाक्य में उत्तर दीजिए –** **5**

1) किसी देश के आयातों व निर्यातों के अन्तर को क्या कहते हैं ?

2) सरकार बजट कितने वर्ष के लिये बनाती है।

3) आयकर किस प्रकार का कर है।

4) किस प्रकार की प्रतियोगिता काल्पनिक होती है।

5) कोटि अन्तर विधि का प्रतिपादन किसने किया?

**Answer in one sentence –**

i) What is called the difference between the imports and exports of a country?

ii) For how many years does the government prepare its budget.

iii) Which type of tax is income tax?

iv) Which competition is imaginary or hypothetical?

v) Who propounded the method of Rank difference?

## लघु उत्तरीय प्रश्न

## (Short Answer type questions)

6. **व्यष्टि अर्थशास्त्र के दो लाभ एवं दो हानियां लिखिए ?** **4**

State two advantages and two disadvantages of micro economics

अथवा (Or)

उत्पादन संम्भावना चक्र किसे कहते हैं? इसकी कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

What is production possibility curve? State any two characterstics.

7. **मांग को प्रभावित करने वाले चार प्रमुख तत्व लिखिये ?** **4**

State four important factors that affects demand.

अथवा (Or)

मांग का अर्थ समझाते हुए मांग तथा आवश्कता में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

Explain the meaning of demand and distinguish between demand and wants.

8. **वैधानिकता के आधार पर बाजार का वर्गीकरण एवं व्याख्या कीजिए ?** **4**

Classify and explain market on the basis of legality.

अथवा (Or)

बाजार की चार विशेषताएं लिखिए।

Write four characteristics of market.

9. **न्यून मांग के कोई चार कारण लिखिए ?** **4**

Give any four reasons for deficiency demand.

अथवा (Or)

तरलता पसंदगी क्या है? इसके तीन कारण लिखिए।

What is liquidity preference ? States any three reasons of it.

10. **भारत के भुगतान संतुलन में प्रतिकूलता के कोई चार कारण लिखिए ?** **4**

Give any four reasons for the adversity of Balance of payment of India.

अथवा (Or)

स्थिर विनिमय दर के पक्ष में चार तर्क दीजिए ?

Give four agreements in favour of fixed exchange rate ?

11. **कर के कोई चार उद्देश्य लिखिए –** **4**

State any four objectives of taxation.

अथवा (Or)

प्रत्यक्ष कर से क्या आशय है? इसके कोई तीन दोष लिखिए।

What is meant by direct tax? Write any three demerits.

12. **विस्तार को परिभाषित कीजिए एवं उसके तीन गुण लिखिए –** **4**

Define range and write its three merits.

अथवा (Or)

माध्य विचलन से क्या आशय है? इसके दो दोष लिखिए।

What is meant by mean deviation? Write two demerits of it.

13. सहसंबंध का अर्थ स्पष्ट कीजिये? इसका महत्व तीन बिन्दुओं में लिखिए – 4

Clarify the meaning of relation? Write its importance in three points.

अथवा (Or)

एक आधार वर्ष के चार वांछित ऋण कौन से हैं?

What are the desirable properties of base year. (any four points)

14. मांग की लोच का महत्व पांच बिन्दुओं में लिखिए – 5

State the importance of elasticity of demand in five points.

अथवा (Or)

मांग के निमय के पांच अपवाद लिखिए।

Write five exceptions of the law of demand.

15. राष्ट्रीय आय का महत्व कोई पांच बिन्दुओं में लिखिए। 5

Explanin the importance of national income on any five points.

अथवा (Or)

राष्ट्रीय पूंजी से क्या तात्पर्य है? इसके चार घटकों की विवेचना कीजिए।

What is national capital & Discuss its four components.

16. गुणक के रिसाव से क्या आशय है? इसके चार कारण लिखिए – 5

What is meant by the leakage of multiplies? Give four reasons for it.

अथवा (Or)

प्रभाव पूर्ण मांग किसे कहते है? इसे प्रभावित करने वाले चार तत्वों की ब्याख्या कीजिए।

What is effective demand? Discuss about any four factors affecting it.

17. बजट का अर्थ एवं इसके चार उद्देश्य लिखिए – 5

State the meaning and four objective of budget.

अथवा (Or)

बजट की पांच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe any five characteristics of a budget.

18. **निर्देशांक का अर्थ तथा इसकी रचना के मुख्य चरण लिखिए –** **5**

Mention the meaning and main steps of the construction of Index number.

अथवा (Or)

निर्देशांक का महत्व कोई पांच बिन्दुओं में लिखिए।

Write any five importance of Index number.

19. **मांग का नियम क्या है? मांग बन्द का ढाल नीचे की ओर क्यों होता है? –** **6**

What is the law of demand? Why the demand curve slopes down-wards?

अथवा (Or)

पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति में एक फर्म के साम्य को चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।

Explain the equilibrium of a firm in the state of perfect competition with the help of a diagram.

20. **''मुद्रा वह धुरी है, जिसके चारों ओर अर्थ, विज्ञान चक्कर लगाता है'' इस कथन को सिद्ध कीजिए। –** **6**

"Money is a pivot around which the economic science clusters". Prove this statement.

अथवा (Or)

व्यापारिक बैंक किसे कहते हैं? इसके पांच कार्यों का वर्णन कीजिए।

What are commercial Banks? Describe its any five functions.

21. निम्न अंकों से प्रमाप विचलन गुणांक प्रत्यक्ष रीति से ज्ञात कीजिए। **6**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| X - | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Y - | 8 | 6 | 2 | 6 | 8 |

Calculate Co – efficient of standard deviation of the following data using direct method.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| X - | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Y - | 8 | 6 | 2 | 6 | 8 |

अथवा (Or)

निम्नलिखित आकड़ों से कार्ल पियर्सन का सट–सम्बंध गुणांक ज्ञात कीजिए –

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| X - | 12 | 9 | 8 | 10 | 11 | 13 | 7 |
| Y - | 14 | 8 | 6 | 9 | 11 | 12 | 3 |

Find out karl Perason's Co – efficient of correlation from the following data-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| X - | 12 | 9 | 8 | 10 | 11 | 13 | 7 |
| Y - | 14 | 8 | 6 | 9 | 11 | 12 | 3 |

……..…xx……….

# आदर्श उत्तर

**उत्तर–1.**

1) व्यष्टि अर्थशास्त्र
2) उपर्युक्त सभी
3) स्थानीय
4) टोटल
5) $Po_1$

(प्रत्येक सही विकल्प पर 1 अंक) कुल 5 अंक

**उत्तर–2.**

1) जनसंख्या
2) उत्पन्न, पैदा
3) विषमता, असमानता
4) निर्देशांक
5) कार्ल पियर्सन

(प्रत्येक रिक्त स्थान पर 1 अंक) कुल 5 अंक

**उत्तर–3.**

1) सत्य
2) सत्य
3) असत्य
4) असत्य
5) असत्य

(प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक) कुल 5 अंक

**उत्तर–4.**

| ''अ'' | | ''ब'' |
|---|---|---|
| i) रिजर्व बैंक की स्थापना | – | 1935 |
| ii) रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण | – | 1949 |
| iii ) नाबार्ड की स्थापना | – | 1982 |
| iv) स्टेट बैंक ऑफ इंडिण्या | – | 1955 |
| v) कई व्यापार नीति | – | 1991 |

(प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक) कुल 5 अंक

उत्तर–5.

1) व्यापार संतुलन

2) 1 वर्ष

3) प्रत्यक्षकर

4) पूर्ण प्रतियोगिता

5) स्पियरमेन

(प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक) कुल 5 अंक

उत्तर–6. **व्यष्टि अर्थशास्त्र के लाभ –**

1. आर्थिक नियमों के निर्माण में सहायक
2. सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के व्यवहार को समझने में सहायक

**व्यष्टि अर्थशास्त्र के दोष –**

1. अवास्तविक मान्यताओं पर आधारित।
2. सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का सही चित्रण न करना।

(सही दो गुण पर 2 अंक)

अथवा

उत्पादन संम्भावना चक्र चुनावों की सूची को बताता है।

**विशेषता –**

1. उत्पादन सम्भावना बन्द बांये से दाये नीचे गिरता हुआ होता है।
2. उत्पादन सम्भावना चक्र मूल बिन्दु की ओर नतोदर होता है (Concave)
3. उत्पादन सम्भावना चक्र पर स्थित प्रत्येक बिन्दु साधनों के पूर्ण प्रयोग तथा अर्थव्यवस्था में पूर्ण उत्पाद को व्यक्त करता है।

(सही अर्थ पर 2 अंक, सही दो विशेषताओं पर 2 अंक)

उत्तर–7. **मांग को प्रभावित करने वाले तत्व निम्नलिखित हैं –**

1) वस्तु की कीमत
2) उपभोक्ता की आय
3) जनसंख्या
4) धन का वितरण
5) सरकारी नीति

(चार सही तत्वों की संक्षिप्त व्याख्या पर 4 अंक)

अथवा

**मांग का अर्थ –** किसी निश्चित समय एवं मूल्य पर वस्तु की मांगी जाने वाली मात्रा को मांग कहते हैं?

**मांग तथा आवश्यकता में अन्तर –**

आवश्यकता प्रभावपूर्ण इच्छा को कहते हैं अर्थात इसमें वस्तु की इच्छा को पूरा करने के साधन तथा साधनों को व्यय करने की तत्परता होनी चाहिये, जबकि मांग में इन तीनों बातों के अतिरिक्त निश्चित समय एवं कीमत का जिक्र भी होना चाहिये।

(सही अर्थ पर 2 अंक सही अन्तर पर 2 अंक)

उत्तर–8. **वैधानिकता के आधार पर बाजार का वर्गीकरण निम्नलिखित हैं –**

1. वैध बाजार – ऐसा बाजार जिसे कानूनी तौर पर मान्य किया जाता है, वैध बाजार कहलाता है।
2. अवैध बाजार – ऐसा बाजार जिसमें कानूनी मान्यताओं को कोई महत्व नहीं दिया जाता, अवैध बाजार कहते हैं। इसे काला या चोर बाजार के नाम से जाना जाता है।

(सही उत्तर पर 4 अंक) (2+2)

अथवा

**बाजार की विशेषताऐं –**

1. एक वस्तु
2. एक क्षेत्र
3. दोनों पक्षों का होना
4. स्वतंत्र प्रतियोगिता
5. वस्तुओं का हस्तांतरण

(चार सही विशेषताओं की संक्षिप्त ब्याख्या पर 4 अंक)

**उत्तर–9. न्यून मांग के कारण निम्नलिखित हैं –**

1) मुद्रा की मात्रा में कमी
2) बैंक दर में वृद्धि
3) खुले बाजार की क्रियाऐं
4) साख नियंत्रण नीति
5) उपभोक्ता की आय

(चार सही कारणों की संक्षिप्त ब्याख्या पर 4 अंक)

अथवा

जब व्यक्ति नकद रुप में मुद्रा को अपने पास रखना चाहता है तो उसे तरलता पसंदगी कहते हैं।

तरलता पसंदगी के कारण –

1. सौदा उद्देश्य
2. आय प्राप्ति उद्देश्य
3. आकस्मिक कार्य

(सही अर्थ पर 1 अंक, तीन सही संक्षिप्त व्याख्या पर 3 अंक)

**उत्तर–10. भारत में भुगतान संतुलन में प्रतिशलता के कारण निम्नलिखित हैं –**

1. चक्रीय उच्चावचन
2. प्रदर्शक प्रभाग
3. अन्तर्राष्ट्रीय ऋण
4. जनसंख्या में वृद्धि
5. आय एवं कीमत प्रभाव

(सही चार कारणों की संक्षिप्त ब्याख्या पर 4 अंक)

अथवा

स्थिर विनिमय दर के पक्ष में तर्क –

1. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहन
2. पूंजी निर्माण
3. विदेशी पूंजी को प्रोत्साहन
4. विनिमय व्यवस्था
5. निर्यातक देशों के लिये फायदा

(चार सही तर्कों की संक्षिप्त ब्याख्या पर 4 अंक)

**उत्तर–11. कर के उद्देश्यं –**

1. आय प्राप्त करना।
2. विलासिता की वस्तुओं पर नियंत्रण।
3. पूंजी निर्माण को प्रोत्साहित करना।
4. राष्ट्रीय आय को एक उपयुक्त स्तर पर बनाए रखना।
5. वार्षिक विषमता को दूर करना।

(चार सही उद्देश्यों की संक्षिप्त ब्याख्या पर 4 अंक)

अथवा

प्रत्यक्ष कर जिस व्यक्ति पर कर लगा है वही व्यक्ति कर का भुगतान करें तो उसे प्रत्यक्ष कर कहते हैं। इसमे करापात व कराघात का पात्र एक ही व्यक्ति होता है।

**प्रत्यक्ष कर के दोष –**

1 असुविधाजनक।
2 कर अपवंचन।
3 करों की मनमानी दर।
4 सीमित क्षेत्र।

(सही अर्थ पर 1 अंक, सही तीन दोषो की संक्षिप्त ब्याख्या पर 3 अंक)

**उत्तर–12. विस्तार की परिभाषा –**

''किसी समंक श्रेणी में सबसे बड़े पद–मूल्य तथा सबसे छोटे पद मूल्य के अन्तर को विस्तार कहते हैं।'' विस्तार के गुण –

1) विस्तार की गणना करना व उसे समझना सरल होता है।
2) विस्तार उन सीमाओं को स्पष्ट कर देता है। जिनके बीच समंक श्रेणी के मूल्य बिखरे होते हैं।
3) बड़े उद्योगों में वस्तुओं की किस्म नियंत्रण में यह एक उपयोगी माप होता है।

(सही परिभाषा पर 1 अंक, सही तीन गुणों पर 3 अंक)

अथवा

**माध्य विचलन –**

समंक श्रेणी के किसी सांख्यिकीय माध्य से समंक श्रेणी के विभिन्न मूल्यों के विचलनों का अंक गणितीय माध्य उसका माध्य विचलन कहलाता है।

**माध्य विचलन के दोष –**

1) अनिश्चित माप

2) बीजगणितीय प्रयोग नही।

(सही आशय पर 2 अंक, सही दोषों की संक्षिप्त व्याख्या पर पर 2 अंक)

उत्तर–13. **जब दो तथ्यों में एक साथ एक ही दिशा में या विपरीत दिशा में परिवर्तन हो** तथा एक तथ्य में परिवर्तन दूसरे तथ्य के कारण हो तो यह कहा जाता है कि उन दोनों तथ्यों में सहसम्बन्ध हैं।

**सह सम्बन्ध का महत्व –**

1. चरों के मध्य सम्बंधों को जानना।
2. एक चर के मूल्य के आधार पर दूसरे चर के मूल्य का अनुमान लगाना।
3. आर्थिक व्यवहारों को समझने में सहायक।
4. व्यवसाय में सहायक होना।
5. अभिरिवतता की सीमा को कम करना।

(सही आशय पर 1 अंक, तीन महत्व पर 3 अंक)

अथवा

**आधार पर वर्ष के वांछित गुण –**

1) आधार वर्ष में सिंहस्थ जैसा महावर्ष नही होना चाहिये।

2) आधार वर्ष में देशों के मध्य युद्ध नही होना चाहिये।

3) आधार वर्ष में किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा नही होना चाहियें।

4) आधार वर्ष में किसी भी प्रकार की आर्थिक हलचल (तेजी–मंदी) नही होना चाहिये।

5) आधार वर्ष सामान्य होना चाहिये।

(सही चार वांछित गुणों पर 4 अंक)

**उत्तर–14. मांग की लोच का महत्व निम्नलिखित है –**

1. मूल्य सिद्धान्त में महत्व
2. वितरण के सिद्धान्त में महत्व
3. कर सिद्धांत की नीति में सहायक
4. सार्वजनिक क्षेत्र के निर्धारण में सहायक
5. यातायात उद्योग में महत्व
6. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में महत्व

(सही पांच महत्व की ब्याख्या करने पर 5 अंक)

अथवा

मांग के नियम के अपवाद निम्न लिखित हैं –

1) गिफिन का विरोधाभास
2) भविष्य में मूल्य वृद्धि की आशा
3) प्रतिष्ठा सूचक वस्तुएं
4) अज्ञानता के कारण
5) नीलामी की वस्तुओं पर
6) आय प्रभाव

(सही पांच आपदाओं की ब्याख्या पर 5 अंक)

**उत्तर–15. राष्ट्रीय आय का महत्व निम्नलिखित है –**

1. आर्थिक विकास का मापदण्ड
2. जीवन स्तर का सूचक
3. तुलनात्मक अध्ययन में सहायक
4. आर्थिक कल्याण का मापक
5. आर्थिक नीति निर्माण में सहायक

(सही पांच महत्व की ब्याख्या पर 5 अंक)

अथवा

राष्ट्रीय पूंजी, देश के नागरिकों द्वारा प्राप्त की गयी व्यक्तिगत पूंजी तथा समाज या सरकार द्वारा प्राप्त की गयी सामूहिक पूंजी का योग होती है।

**राष्ट्रीय पूंजी के घटक –**

1) भवन तथा इमारतें

2) स्वर्ण चांदी के भण्डार

3) उपकरण

4) सभी प्रकार की वस्तुएं

5) शुद्ध विदेशी सम्पत्तियां

(सही अर्थ पर 1 अंक, सही चार घटकों की संक्षिप्त ब्याख्या पर 4 अंक)

उत्तर–16. **व्यवहार में अनेक ऐसे कारण होते हैं जो प्रारम्भिक विनियोग में वृद्धि के** परिणामस्वरुप कुल आय में होने वाली कई गुना वृद्धि में बाध उत्पन्न करते हैं। इन्हे गुणक का रिसाव कहा जाता है।

**गुणक रिसाव के कारण –**

1. लोग अपनी बढ़ी आय के एक भाग से पुराने ऋणों का भुगतान कर देते हैं।
2. बढ़ी आय का एक हिस्सा निष्क्रिय बैंक खाते में जमा कर दिया जाता है।
3. आय में वृद्धि का एक भाग प्रतिभूतियों या अंशों के क्रय पर लगा दिया जाता है।
4. आय वृद्धि के एक भाग को आयातित वस्तुओं के उपयोग पर व्यय कर दिया जाता है।
5. मुद्रा स्फीति के कारण व्यक्तियों की वास्तविक आय कम हो जाती है।

(सही आशय पर 1 अंक, सही चार कारणों पर 4 अंक)

अथवा

प्रभाव पूर्ण मांग में समय एवं कीमत के साथ ही वस्तु प्राप्त करने की इच्छा साधन एवं साधनों को व्यय करने की तत्परता आवश्यक है। प्रभावपूर्ण मांग को प्रभावित करने वाले तत्व निम्नलिखित

1) उपभोग व्यय

2) विनियोग व्यय

3) सरकारी व्यय

4) शुद्ध निर्यात

(सही आशय पर 1 अंक, सही चार तत्वों की ब्याख्या करने पर 4 अंक)

**उत्तर–17. बजट एक विस्तृत आर्थिक विवरण है, जिसमें सरकार की आय एवं व्यय का ब्यौरा होता है।**

दूसरे शब्दों में बजट एक दस्तावेज हैं, जिसमें सरकार के वार्षिक राजस्व और व्यय का अनुमान होता है–

**बजट के उद्देश्य –**

1. हिसाब देयता का उद्देश्य
2. आर्थिक नियंत्रण
3. राजकोषीय उपकरण
4. आर्थिक स्थिरता
5. प्रशासकीय कुशलता
6. योजनाओं से सम्बंधित

(सही अर्थ पर 1 अंक, सही चार उद्देश्य की संक्षिप्त ब्याख्या पर 4 अंक)

अथवा

बजट की विशेषताऐं निम्नलिखित हैं –

1) सकल राशि

2) समस्त क्रियाओं का एक बजट

3) बजट का आधार रोकड़ राशि

4) व्यय समाप्ति नियम

5) बजट अवधि

6) लेखों की समानता

7) मदों के प्रकार

(सही पांच विशेषताओं की ब्याख्या करने पर 5 अंक)

**उत्तर–18. निर्देशांक एक विशेष प्रकार के माध्य होते हैं। जिनके द्वारा काल श्रेणी एवं स्थान** श्रेणी में होने वाले सापेक्ष परिवर्तनों की सामान्य प्रकृति की माप की जाती है।

**निर्देशांक की सूचना के मुख्य चरण –**

1. निर्देशांक का उद्देश्य
2. आधार वर्ष का चुनाव
3. वस्तुओं का चुनाव
4. वस्तुओं की कीमतों का चुनाव
5. माध्य का चुनाव
6. भारों का निर्धारण

(सही अर्थ 1 अंक, सही प्रश्नों की ब्याख्या पर 4 अंक)

अथवा

निर्देशांक का महत्व निम्नलिखित है –

1) मुद्रा के मूल्य की माप
2) व्यापारी के लिये उपयोगिता
3) उत्पादन के बारे में जानकारी
4) वदणी तथा ऋणदाताओं को लाभ
5) विदेशी व्यापार नीति में सहायक
6) जीवन स्तर की जानकारी

(सही पांच महत्व की ब्याख्या पर 5 अंक)

**उत्तर–19. मांग का नियम –**

मांग का नियम कीमत तथा मांग के सम्बंध को व्यक्त करता है। इस नियम के अनुसार कीमत तथा मांग में विपरीत सम्बंध होता है। कीमत के बढ़ने पर मांग कम होती है तथा कीमत कम होने पर वस्तु की मांग बढ़ती है।

**मांग चक्र का ढाल नीचे की ओर निम्नलिखित कारणों से गिरता है –**

1. उपयोगिता ह्मस नियम।
2. प्रतिस्थापन प्रभाव।
3. आय प्रभाव।

4. क्रेताओं की संख्या प्रभाव।

(सही अर्थ पर 2 अंक, सही कारणों की ब्याख्या पर 4 अंक)


अथवा

**पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म का साम्य –**

एक फर्म साम्य की स्थिति में उस समय होती है जबकि उसके उत्पादन की मात्रा में कोई परिवर्तन की प्रवृत्ति न हो। स्पष्ट है कि फर्म उत्पादन की उस मात्रा पर साम्य की दशा में होगी, जबकि उसे अधिकतम लाभ प्राप्त हो रहे होंगे। पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म मूल्य प्राप्त कर्त्ता होती है –

पूर्ण प्रतियोगिता में अनेक फर्में होती हैं, जो एकरुप वस्तु का उत्पादन करती है। पूर्ण प्रतियोगिता में अनेक फर्में होने के कारण एक फर्म मूल्य को परिवर्तित करने की स्थिति में नहीं होती हैं। उद्योग में वस्तु का जो मूल्य निर्धारित होता है, फर्म को वह स्वीकार करना पड़ता है।

चित्र द्वारा स्पष्टीकरण –




चित्र से स्पष्ट होता है कि उद्योग का पूर्तिवक SS है तथा मांग चक्र DD है जो एक दूसरे को P बिन्दु पर काटता है तो उद्योग की वस्तु का मूल्य PQ निर्धारित होता है। फर्म इस कीमत PQ को ग्रहण कर लेगी। अतः वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई का आगम अर्थात सीमान्त आगम (MR) वस्तु की कीमत के बराबर होगा। अर्थात MR – AR के होता है।

(फर्म का सांम्य 2 अंक, चित्र 2 अंक, चित्र की ब्याख्या 2 अंक)

उत्तर–20. **आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा के महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। मुद्रा के अभाव में किसी भी अर्थ व्यवस्था का संचालन सम्भव नहीं है। मार्शल के अनुसार –**
''मुद्रा वह धुरी है जिसके चारों ओर अर्थ विज्ञान चक्कर लगाता है।'' वर्तमान अर्थव्यवस्था में मुद्रा का महत्व निम्नलिखित बातों से स्पष्ट होता है –

1. उपभोक्ता के लाभ
2. उत्पादक को लाभ
3. श्रम विभाजन वितरण संभव
4. पूंजी की गतिशीलता में सहायक
5. भावी सौदों का आधार
6. वस्तु विनिमय प्रणाली के दोषों की समाप्ति
7. भौतिक प्रगति सम्भव
8. सामाजिक कल्याण की मापक।

(सही छः बिन्दुओं की ब्याख्या करने पर 6 अंक)

अथवा

व्यापारिक बैंक का आशय उन बैंकों से होता है जिनकी स्थापना इण्डियन कम्पनीज एक्ट के अन्तर्गत की गयी है और जो सभी साधारण बैकिंग कार्य को सम्पन्न करते हैं। जैसे – बैंक ऑफ बडौदा, पंजाब नेशनल बैंक आदि।

व्यापारिक बैंक के कार्य –

1. जमा प्राप्त करना।
2. ऋण प्रदान करना।
3. अभिकर्ता सम्बंधी कार्य।
4. विदेशी मुद्रा का क्रय विक्रय।
5. व्यापार का अर्थ प्रबंधन।
6. अन्य कार्य।

(सही अर्थ 1 अंक, सही पांच कार्यों की ब्याख्या पर 5 अंक)

उत्तर–21. **प्रमाप विचलन गुणांक की गणना –**

(प्रत्यक्ष विधि द्वारा)

| X | f | fx | d = x – x | fd | $fd^2$ | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 8 | - z | -16 | 32 | |
| 2 | 6 | 12 | - 1 | - 6 | 6 | (2 अंक) |
| 3 | 2 | 6 | 0 | 0 | 0 | |
| 4 | 6 | 24 | 1 | 6 | 6 | |
| 5 | 8 | 40 | 2 | 16 | 32 | |
| | N = 30 | Efx = 90 | | | $Efd^2 = 76$ | |

$$X = \frac{Efx}{N} = \frac{90}{30} = 3$$

$$S = \frac{\sqrt{Efd^2}}{N} = \frac{\sqrt{76}}{30} \quad \text{(2 अंक)}$$

$$\sqrt{253} = 1.59$$

$$\text{Coeffi of S.D} = \frac{6}{a} = \frac{1.59}{3} = 0.53 \quad \text{(2 अंक)}$$

अथवा

**कार्ल नियर्सन के सह–सम्बंध गुणांक की गणना –**

| X | dx (10) | $dx^2$ | y | dy(a) | $dy^2$ | dxdy | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | +2 | 4 | 14 | + 5 | 25 | 10 | |
| 9 | - 1 | 1 | 8 | - 1 | 1 | 1 | |
| 8 | - 2 | 4 | 6 | - 3 | 9 | 6 | (3 अंक) |
| 10 | 0 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | + 1 | 1 | 11 | + 2 | 4 | 2 | |
| 13 | + 3 | 9 | 12 | + 3 | 9 | 9 | |
| 7 | - 3 | 9 | 3 | - 6 | 36 | 18 | |
| Ex = 70 | | $Edx^2 = 28$ | Ey = 63 | | $Edy^2 = 84$ | Edxdy = 46 | |

$$P = \frac{\Sigma dx dy}{\sqrt{\Sigma dx^2 \times \Sigma dy^2}}$$ (2 अंक)

$$= \frac{46}{\sqrt{28 \times 84}}$$

$$= \frac{46}{\sqrt{2352}}$$ (2 अंक)

$$= \frac{46}{48.49}$$

$$= + 0.94$$

………..xxx………..